भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *285

दिनांक 12 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

.....

बिहार में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं

*285. श्री रामप्रीत मंडल:

श्रीमती लवली आनंद:

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बिहार में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) इन सभी परियोजनाओं पर कितनी धनराशि व्यय किए जाने का प्रस्ताव है; और

(ग) ऐसी सभी परियोजनाओं का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

जल शक्ति मंत्री
(श्री सी आर पाटील)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

'बिहार में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं' के संबंध में दिनांक 12.03.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय तारांकित प्रश्न सं. *285 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) से (ग): वर्ष 2016-17 के दौरान 88 परियोजनाओं में कमान क्षेत्र विकास सहित निनान्बे (99) चल रहीं बृहद/मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की पहचान की गई और उन्हें प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत शामिल किया गया। इनमें से बिहार की दो परियोजनाएं अर्थात् दुर्गावती परियोजना और पुनपुन बैराज परियोजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-कमान क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन (पीएमकेएसवाई-सीएडी और डब्ल्यूएम) के अंतर्गत दुर्गावती परियोजना में कमान क्षेत्र विकास सहित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (पीएमकेएसवाई-एआईबीपी) के अंतर्गत शामिल किया गया।

इसके अलावा, वर्ष 2021-26 की अवधि के लिए पीएमकेएसवाई के कार्यान्वयन की मंजूरी के उपरांत पीएमकेएसवाई-एआईबीपी के तहत वित्तपोषण के लिए उन्नीस (19) बृहद और मध्यम सिंचाई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें से दो परियोजनाएं, अर्थात् कोसी-मेची अंतरराज्यीय लिंक और नॉर्थ कोयल परियोजना बिहार को लाभ पहुंचा रही हैं।

पीएमकेएसवाई-एआईबीपी और सीएडी एवं डब्ल्यूएम परियोजनाओं के अंतर्गत अनुमानित लागत और किए गए व्यय का विवरण अनुलग्नक-**I** में दिया गया है। इन परियोजनाओं के माध्यम से बिहार में 39.10 हजार हेक्टेयर सिंचाई क्षमता सृजित की गई है और 19.13 हजार हेक्टेयर कमान क्षेत्र विकसित किया गया है।

इसके अतिरिक्त, पीएमकेएसवाई के हर खेत को पानी (एचकेकेपी) घटक के अंतर्गत 47 सतही लघु सिंचाई (एसएमआई) योजनाओं का एक कलस्टर और मरम्मत, नवीनीकरण और पुनरूद्धार (आरआरआर) के लिए 103 जल निकायों के तीन कलस्टर शामिल किए गए हैं। पीएमकेएसवाई-एचकेकेपी परियोजनाओं के अंतर्गत अनुमानित लागत और किए गए व्यय का विवरण अनुलग्नक-**II** में दिया गया है। इन परियोजनाओं के माध्यम से 41.44 हजार हेक्टेयर की सिंचाई क्षमता सृजित की गई है।

इसके अतिरिक्त, वर्ष 2016-17 के दौरान 39.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैले 8,214 चल रहीं वाटरशेड विकास परियोजनाओं को पीएमकेएसवाई के वाटरशेड विकास घटक (डब्ल्यूडीसी) में शामिल किया गया था। इनमें से 0.612 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैली 135 परियोजनाएं बिहार की थीं। इन परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार से 182.61 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई है। वर्ष 2021-26 की अवधि के लिए पीएमकेएसवाई के कार्यान्वयन की मंजूरी के उपरांत, 50.16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैली 1220 अतिरिक्त वाटरशेड विकास परियोजनाओं को पीएमकेएसवाई-डब्ल्यूडीसी में शामिल किया गया है। इनमें से 1.72 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैली बिहार की 35 परियोजनाओं को कुल 440.97 करोड़ रुपये की कुल लागत से स्वीकृत किया गया है, जिसमें 264.58 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता प्रदान की गई है, जिसमें से अब तक 175.42 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

***

अनुलग्नक-I

'बिहार में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं' के संबंध में दिनांक 12.03.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय तारांकित प्रश्न सं. *285 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

## पीएमकेएसवाई-एआईबीपी और पीएमकेएसवाई-सीएडीडब्ल्यूएम योजनाओं के अंतर्गत परियोजनाओं का विवरण

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | लाभान्वित जिले | आनुमानित लागत (रूपए करोड़ में) | व्यय (रूपए करोड़ में) | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| | पीएमकेएसवाई-एआईबीपी | | | | |
| 1 | दुर्गावती परियोजना | रोहतास, कैमूर | 1207.39 | 1183.46 | पूर्ण |
| 2 | पुनपुन बैराज परियोजना | पटना, अरवल, जहानाबाद | 685.28 | 409.17 | मुख्य कार्य पूरा हो चुका है। |
| 3 | कोसी-मेची अंतरराज्यीय लिंक परियोजना | अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार | 6282.32 | 132.00 | वास्तविक प्रगति - 4% |
| 4 | नार्थ कोयल परियोजना (बिहार-झारखंड अंतरराज्यीय परियोजना) | औरंगाबाद, गया, पलामू और गढ़वा | 2431.00 | 946.39 | वास्तविक प्रगति - 38% |
| | कुल: पीएमकेएसवाई-एआईबीपी | | 10605.99 | 2671.02 | |
| पीएमकेएसवाई-सीएडी एण्ड डब्ल्यूएम | | | | | |
| 1. | दुर्गावती सीएडीडब्ल्यूएम परियोजना | रोहतास, कैमूर | 142.20 | 75.64 | वास्तविक प्रगति - 63% |

अनुलग्नक-**II**

'बिहार में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं' के संबंध में दिनांक 12.03.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय तारांकित प्रश्न सं. *285 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

पीएमकेएसवाई-एचकेकेपी के तहत स्वीकृत बिहार की डब्ल्यूबी योजनाओं के एसएमआई और आरआरआर का विवरण

| क्र.सं. | योजनाएं | शामिल जिले | समावेशन का वर्ष | आनुमानित लागत (रूपए करोड़ में) | व्यय (रूपए करोड़ में) | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 47 एसएमआई योजनाएं | रोहतास (9), कैमूर (7), नवादा (27), सीतामढी (4) | 2015-16 | 141.29 | 117.74 | पूर्ण |
| 2 | 27 जल निकाय | गया (5), नालंदा (6), कैमूर (7), पटना (6), रोहतास (3) | 2018-19 | 64.93 | 27.41 | पूर्ण |
| 3 | 66 जल निकाय | अरवल (10), औरंगाबाद (10), बांका (10), गया (14), जहानाबाद (2), कैमूर (मोहनिया) (2), लखीसराय (3), मुंगेर (1), नवादा (14) | 2019-20 | 96.97 | 47.57 | पूर्ण |
| 4 | 10 जल निकाय | जहानाबाद (4), गया (4), पश्चिमी चंपारण (1) और नवादा (1) | 2024-25 | 73.50 | - | परियोजना कार्यान्वयन के प्रारंभिक चरण में है। |
| | कुल | | | 376.69 | 192.72 | |

*****